**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पईपुरा में कृषक प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पंतनगर। 24 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम पईपुरा, खमरिया में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिवर का उद्घाटन डा. चन्द्र भान सिंह, प्राध्यापक एवं परियोजना अधिकारी, पशु प्रजनन विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम सदस्यों का उत्साहवर्धन के साथ–साथ गाय एवं गो–वत्सों की देख–रेख एवं आवास व्यवस्था के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया।

शिविर में परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्ध विभाग, द्वारा गाभिन बछियों की प्रसवोपूर्व एवं प्रसवोपरान्त देख–भाल हेतु जानकारी दी गयी। डा. ऐ.के. घोश, प्राध्यापक पशु प्रजनन विभाग द्वारा क्षेत्र में लम्पी रोग से संक्रमित पशुओं के रोक–थाम हेतु औषधि एवं अन्य पशुओं के बचाव व देखरेख की जानकारी दी। डा. रिपूसुदन, सहायक प्राध्यापक, पशु पोषण विभाग द्वारा पशु पालकों पशु को संतुलित एवं पोषक आाहार बनाने की विधि बताते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने की सलाह दी। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान गौ–पालकों की समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशु स्वास्थ्य शिवर में कुल 08 गोपशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार दिया गया। पशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण श्री पवनदीप सिंह, कृत्रिम गर्भाधान कर्ता द्वारा किया गया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों का पंजीकरण कु. आराधना फुलार एवं सामग्री वितरण श्री गुरबाज सिंह द्वारा किया गया। शिविर में कुल 65 पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

